पत्र सूचनाशाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

ईद–उल–अजहा पर राज्यपाल की बधाई

लखनऊ : 20 जुलाई, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने प्रदेशवासियों को ईद–उल–अजहा (बकरीद) के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएँ दी है।

श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने अपने बधाई सन्देश में कहा है कि ईद–उल–अजहा का पर्व त्याग और बलिदान के प्रति आदर व्यक्त करने वाला पर्व है। उन्होंने कहा कि ऐसे पर्वों के माध्यम से सभी को खुशियाँ बांटने की प्रेरणा लेनी चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि ईद–उल–अजहा (बकरीद) का पर्व सभी लोग कोरोना महामारी को दृष्टिगत रखते हुए कोविड बचाव के नियमों का पालन करते हुए ही मनाएं।

————

राजभवन(266/09)